राँची पुलिस

राँची पुलिस आप सभी राँची वासियों से अपील करती है कि -

- आप सभी राँची जिला वासियों से अपील है कि इस वर्ष ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व को आपसी भाईचारे एवं सामाजिक व सांप्रदायिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्वक मनाएं।

- नमाज़ केवल निर्धारित स्थलों पर ही अदा करें। सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक भीड़ इकट्ठी करने से बचें।

- किसी भी समुदाय, धर्म विशेष या व्यक्ति को ठेस पहुंचाने वाली भ्रामक सूचना, फोटो, वीडियो एवं आपत्तिजनक या भड़काऊ टिप्पणी सोशल मीडिया पर कदापि साझा न करें।

- सोशल मीडिया पर कोई भी तथ्यहीन अफ़वाह या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली सामग्री साझा करना कानूनन अपराध है। ऐसा करने वालों के विरुद्ध राँची पुलिस द्वारा आई.टी. एक्ट एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- किसी भी प्रकार की उत्तेजक, भड़काऊ पोस्ट या संदेश देखने पर तुरंत अपने नजदीकी थाना, राँची पुलिस कंट्रोल रूम (मोबाइल नंबर: 8987790664, 9798300836) या डायल 112 पर सूचना दें।

- आप राँची पुलिस के फेसबुक पेज (ranchipolice) या X (ट्विटर) अकाउंट @ranchipolice पर भी सूचना साझा कर सकते हैं।

- सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

- राँची पुलिस आप सभी नागरिकों से अनुरोध करती है कि आप शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और पर्व को सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में मनाएं।

निवेदक
पुलिस उपमहानिरीक्षक
सह
वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

राँची पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर